## संक्षिप्त

### बिजली का चला आंख मिचैनी का खेल

**करौला** (निंस.) विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों की अनदेखी के चलते शहर के कई मोहल्ले में बिजली के दिन भर आंख मिचैनी खेल के चलते इस भीषण गर्मी के दौर में लोगों को भीषण गर्मी की मार झेलने के लिए विवश होना पड रहा है। जिला मुख्यालय पर विद्युत निगम के आल्हा अधिकारियों का जमावड़ा होने के उपरांत शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था गडबड़ा ने से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं गंभीर जनक बात यह है कि इन दोनों भीषण गर्मी का दौर ऐसा चल रहा है कि लोगों की दिन में बाहर निकालने की हिम्मत नहीं पड रही है और घरों में भी रहना दूभर हो रहा है क्योंकि विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों की अनदेखी के चलते दिनभर बिजली का आंख मिचैनी खेल ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है विचारणीय बिंदु यह है कि विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारी बिजली सप्लाई की बिगड़ी दशा को लेकर जिम्मेदारी से लोगों को जवाब तक नहीं दे रहे हैं लोगों के फोनों को अटेंड तक नहीं कर रहे हैं लोग इस भीषण गर्मी के दौर में बिजली व्यवस्था गडबड़ा आने से भीषण गर्मी से घरों में भी बचाव नहीं कर पा रहे हैं यही नहीं विद्युत सप्लाई गड़बड़ आने से पेयजल संकट भी लोगों के सामने गहराया हुआ है क्योंकि विद्युत सप्लाई से ही जलदाय विभाग की लगी पानी की बोरिंग पेयजल आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं जिससे लोगों को महंगे दामों में पीने के लिए पानी खरीदने के लिए विवश होना पड रहा है।

### बिना रजिस्ट्रेशन संचालित लैब पर होगी कार्यवाही

**करौली** । नैदानिक स्थापन रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन अधिनियम 2010 को प्रदेश में संशोधित अधिसूचना जारी कर राजस्थान नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रेशन एवं विनियमन) नियम 2013 लागू कर दिये गये। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीणा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा चिकित्सा नैदानिक प्रयोगशाला या रोगी विज्ञाान प्रयोगशाला हेतु न्यूनतम मानक की अधिसूचना जारी की गयी, जिनको राज्य सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि जिले के चिकित्सा नैदानिक प्रयोगशाला या रोगी विज्ञान प्रयोगशाला का राजस्थान नैदानिक स्थापन रजिस्ट्रेशन एवं विनियमन नियम 2013 व नैदानिक स्थापन केन्द्र सरकार नियम 2018 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर स्थाई पंजीकरण करवाये जाने है।उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु फार्म स्वास्थ्य विभाग की बेबसाईट पर उपलब्ध है, सभी प्रयोगशाला के प्रबंधकों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित प्रपत्र में नियमो के अनुरूप दस्तावेजो सहित आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि इसके पश्चात भी कोई चिकित्सा नैदानिक प्रयोगशाला या रोगी विज्ञान प्रयोगशाला बिना पंजीकरण संचालित पाये जाने पर नियमों में निर्धारित दंड के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

### पुस्तिका का विमोचन

**भरतपुर** (निस)। अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस 26 जून के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे पखवाड़े के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा नशा मुक्त एवं राष्ट्र बनाने की प्रेरणा हेतु पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लक्ष्मण प्रसाद पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, दुष्यन्त, महामंत्री शहर मंडल भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने एन डी पी एस एक्ट के मुख्य बिंदुओं व सजा के प्रावधानों पर चर्चा की ,जिले को नशा मुक्त करने व जिले में चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में फीडबैक भी लिया।

### दायित्व ग्रहण समारोह आज

**गंगापुर सिटी** । मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन बझेरा से संबंध अपना घर सेवा समिति गंगापुर सिटी का पुरूष व महिला इकाई का परिवार मिलन एवं दायित्व ग्रहण समारोह रविवार को रूकमणी पैलेस में शाम 7 बजे आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक वासुदेव बंसल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथी सभापति शिवरत्न अग्रवाल होगें। कार्यक्रम में सत्र 2025-27 की पुरूष इकाई कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक बंसल, सचिव अभिषेक रावत, वित्त सचिव राजेश गुप्ता अकाउंटेंट एवं महिला इकाई में अध्यक्ष सरोज रानी शर्मा, सचिव आरती शर्मा है।

# काशीपुरा में रात्रि चौपाल में सुनी आमजन की समस्याए

- जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। गर्मी के मौसम को देखते हुए रात्री चैपाल में प्राप्त आमजन की समस्याए पहले सुलझाने के आदेश

**करौला** (निंस.) आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत काशीपुरा में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला कलक्टर ने रात्री चैपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था करवाने, रोड बनवाने, आंगनवाडी केन्द्र खुलवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, विद्युत समस्या का निस्तारण करने, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने, रोड लाईट लगवाने, सहित विभिन्न विभागों के 23 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलेक्टर ने आगामी मानसुन को देखते हुए ठााम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफ-सफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा जिले में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के दौरान अपने आस पास पोखर, तालाब, कुएं, बावड़ियां, बांध और कुंड जैसे सभी पारंपरिक जल स्त्रोतों की श्रमदान के माध्यम से सफाई की जाए और वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण किया जाए। रात्री चैपाल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, सूचना एवं जन संपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगा सहाय मीणा, तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

# तिथियों पर पुनर्विचार करने की मांग

- संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य के सभी विद्यालयों

**करौला** (निंस.) राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र लखारा ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को पत्र लिख कर समस्त राजकीय विद्यालयों में भारतीय भाषा ठीष्मकालीन शिविर की तिथियों पर पुर्नविचार करने की मांग की है।

संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य के सभी विद्यालयों में ठीष्मवकाश समय में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश विभाग द्वारा जारी किये गये हैं। इस समर शिविर में विद्यार्थियों के बुनियादी संचार कौशल का विकास हो इस हेतु कुल 7 दिवस की अवधि का तथा 75-से 100 विद्यार्थियों का प्रत्येक विद्यालय में कैंप लगाए जाने हैं।वर्तमान में राज्य में गर्मी का भंयकर प्रकोप है। तापमान 45 से 50 डिठाी के आसपास चल रहा है।

ठीष्मवकाश होने के कारण विद्यार्थीयों का अब विद्यालय सम्भव नहीं है क्योंकि ठीष्मवकाश में विद्यार्थी अपने निवास स्थान से अन्यत्र जा चुके है तथा शिक्षक भी मुख्यालय छोड़कर गृह निवास या अन्यत्र स्थानों पर गये हुए है।संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना व महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने बताया कि वर्तमान आदेश ठीष्मावकाश में जून माह में प्रसारित किया गया है जिस कारण से उक्त शिविर का आयोजन जून मॉह में आयोजित किया जाना सम्भव नहीं हो रहा है तथा संस्था प्रधानों के सामने अचानक प्रसारित आदेश की पालना करने में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में आदेश की पालना करने मे केवल औपचारिकता पूर्ण करने की स्थिति बनी रहेगी। जिससे शिविर का उद्देश्य पूर्ण नहीं होगा।

संघ के पदाधिकारियों ने उक्त समर कैम्प की तिथियों में पुर्नविचार करते हुए परिवर्तन कर नई तिथियों को ठीष्मवकाश के उपरान्त निर्धारित करने की मांग की है ताकि शिविर का उद्देश्य पूर्ण हो सके तथा ठीष्मवकाश के दौरान अनावश्यक विवाद की स्थिति नहीं बनें।

### योग दिवस की तैयारी

**भरतपुर** (निस)। भारत स्वाभिमान पतंजलि परिवार भरतपुर के मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारी के संबंध में आयोजित विशेष प्रोटोकोल योग शिविर के समापन पर प्रातः 7 बजे गुजरात के अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतक दिवंगत आत्माओं को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई व कहा कि ईश्वरीय विधान को न चाहते हुए भी स्वीकार करना पडता है। इस मौके पर दो मिनट का खडे होकर मौन धारण किया गया तथा उनके परिवारीजनों को इस दुखद घटना में धैर्य एवं सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी की आंखों में गमगीन माहौल उत्पन्न हुआ एवं सभी की आंखें नम हो गई। इस मौके पर हीरा सिंह आर्य, गंगो सिंह, डॉ. सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, मान सिंह सोनी, सत्यदेव आर्य, संतोष अठावाल, शिवदत्त तेनगुरिया, किशन सिंह, चंदर सिंह, बनय सिंह, चरन सिंह, गिर्राज सिंह, विवेक सिंह, आदि मौजूद थे।

# सीएपीएफ परीक्षा में शगुन गुप्ता टॉप रहा

- देशभर में हासिल की ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक।
- शगुन गुप्ता ने प्रारंभिक लिखित परीक्षा, कठोर शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा मेडिकल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद हाल ही

**भरतपुर** (निस)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा सीएपीएफ का परिणाम घोषित हो गया। जिसमें भरतपुर जिले के बयाना कस्बा के शगुन गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता ने ऑल इंडिया में पहली रेंक हासिल की है। शगुन गुप्ता ने सीएपीएफ परीक्षा 25 में पहली रैंक हासिल कर राजस्थान राज्य और भरतपुर जिला सहित बयाना का नाम रोशन कर दिया।सीएपीएफ परीक्षा, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा भी कहा जाता है। शगुन गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा में ऑल इंडिया टॉप रैंक हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि से न केवल शगुन गुप्ता का परिवार, बल्कि राजस्थान एवं भरतपुर जिले का नाम रोशन कर दिया। साथ ही शगुन ने अठावाल समाज का नाम भी रोशन किया है। इससे परिवार और अठावाल समाज सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

शगुन गुप्ता ने प्रारंभिक लिखित परीक्षा, कठोर शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा मेडिकल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद हाल ही में संपन्न इंटरव्यू राउंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। यूपीएससी की ओर से जारी अंतिम परिणामों में शगुन गुप्ता को देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। परीक्षा में 1500 अभ्यर्थियों में से 500 को सफल घोषित किया गया, जिनमें शगुन शीर्ष पर रहे। गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ से हुई, स्नातक वहीं की। पढ़ाई उन्होंने महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय से पूरी की। उनके पिता अशोक गुप्ता माइनिंग इंजीनियर हैं और माता रीता गुप्ता गृहिणी हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रेरणा का संचार हुआ है और भरतपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है, शगुन ने अपनी सफलता का श्रेय माता- पिता और परिवार गुरुजनों और विशेष रूप से अपने दादी - बाबा को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ) में सेवा देने की है।

### निकाय चुनावों में मिले दस प्रतिशत आरक्षण

**करौली**। करौली जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल मे आयोजित विप्र महासभा और ब्राह्मण संगठनों की बैठक में संस्थापक सुनील उदेईया ने कहा कि मैने ईडब्ल्यूएस वर्ग को नगर निकाय और पंचायत चुनावों में दस प्रतिशत आरक्षण देकर गरीबो को राजनीतिक प्रतिनिधित्व की माँग की। इस अवसर पर करौली विप महासभा के जिलाध्यक्ष सनी शर्मा के नेतृत्व मे करौली के गणमान्य जनों ने संस्थापक उदेईया का स्वागत किया और विप्र समाज के उत्थान और जन कल्याण के विषयो पर समाज बंधुओ ने मंथन किया। इस दौरान महासभा के संस्थापक सुनील उदईया ने समाज के लिए विप्र महासभा द्वारा किये जा रहे संघर्ष के साथ सामाजिक बुराइयों को त्यागने का आव्हान किया और समाज को राजनैतिक,आर्थिक,शैक्षिक रूप से मजबूत बनाने का संकल्प विप्र बंधुओ के समक्ष रखा। सरकार से माँग कि है की विप्र कल्याण बोर्ड,ईडव्ल्यूएस बोर्ड,देवस्थान बोर्ड का शीघ्र गठन किया जाये।

# पंडित रामकिशन का सम्मान होगा

**भरतपुर** (निस)। समाजवादी शताब्दी पुरुष और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और संघर्षशील किसान नेता इन्दल सिंह जाट और मोहन सिंह गुर्जर का कल रविवार को धौलपुर जिले के कस्बा बाड़ी और खिड़ौरा ( बसैड़ी ) में सम्मान किया जायेगा ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने बताया कि इआरसीपी के सफल आन्दोलन और पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के जीवन के सौ वें वर्ष जन्म शताब्दी वर्ष के तौर पर धौलपुर में सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे ।

उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद और पूर्व जिला प्रमुख भरतपुर - धौलपुर पंडित रामकिशन रविवार को बाड़ी कस्बे में साय: 3 बजे और खिड़ौरा ( बसैड़ी ) में दोपहर 12 बजे आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल होगे । तीनों नेता मिट्रिंगो को भी सम्बोधित करेंगे । कस्बा बाड़ी और बसेड़ी में स्थानिय क्षेत्रों के गणमान्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे । गौरतलब रहे कि पंड़ित रामकिशन धौलपुर से जिला प्रमुख रहे है और पूर्व में वहाँ सोसलिस्ट्र पार्टी का मजबूत जन आधार रहा है । वर्ष दो हजार में बाड़ी के गाँव चचोखर के अतरा गुर्जर हत्याकांड को लेकर वहाँ पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह जाट एवं मोहन सिंह गुर्जर ने बड़ा जन आन्दोलन भी किया था ।

कार्यक्रमों में बाड़ी के वरिष्ठ पार्षद और नेता राजकुमार भारद्वाज तथा पूर्व प्रधान लाखन सिंह खिडौरा भी भाग लेगे ।

### कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को ब्रज औद्योगिक संघ कार्यालय रीको भरतपुर में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा भरतपुर एवं डीग जिले हेतु सीएसआर संबंधी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यशाला में वाटर सेट डिपार्टमेंट के अधिशासी अभियंता करतार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 एवं भूजल विभाग के भूवैज्ञानिक अभिमन्यु सिंह द्वारा कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त आयुक्त धर्मेंद्र पूनिया, फोर्टी अध्यक्ष अनुराग गर्ग, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष प्रेम सिंह कुंतल, ब्रज उद्योग संघ के अध्यक्ष विनीत सिंह, ब्रज उद्योग संघ के संरक्षक राधेश्याम गर्ग, चौंबर ऑफ़ कॉमर्स की सचिव राहुल बंसल, टिन मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण अठावाल सहित विभिन्न विभाग एवं बैंक अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सीएम गुप्ता द्वारा कार्यशाला में उपस्थित उद्यिमयों से राज्य सरकार के जल संरक्षक अभियान में शामिल हो कर जन सहभागिता करने और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत अधिकाधिक यथा संभव सहयोग प्रदान करने के लिए अपील की गई। कार्यक्रम संचालन जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी सूर्यकांत पांडे ने किया।

# अग्रवाल को महामंत्री पद की शपथ दिलाई

- इस अवसर पर शिवदयाल गुप्ता डॉ हरिओम शर्मा प्रदीप कुमार शर्मा भूपेंद्र सिंह भरत शर्मा पवन अठावाल प्रेम सिंह फौजदार बने सिंह फौजदार डीके शर्मा अंकुश कुमार महेंद्र सोनी राजकुमार सिंह सहित उपस्थित सभी ने नवनियुक्त दि

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर स्थित शास्त्री पार्क में राष्ट्रीय ओल्ड इस गोल्ड संस्था की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जीवन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संस्था का विस्तार करते हुए दिनेश शर्मा को जिला अध्यक्ष भरतपुर पद पर नियुक्त किया गया तथा राकेश अठावाल को जिला महामंत्री भरतपुर पद पर नियुक्त किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दोनों को पुष्पहार पह नाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा 15 दिवस में जिले की कार्यकारिणी घोषित करने के लिए निर्देशित किया गया इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था एक सामाजिक गैर राजनीतिक संस्था है जो राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण शहीद दिवस मनाने आदि सहित सीनियर सिटीजन की समस्याओं का समाधान करना उन्हें मान सम्मान दिलाना उनके मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना देश की विभिन्न सेलिब्रिटीज का जन्म दिवस और पुण्यतिथि मनाना समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करना आदि सामाजिक कार्य करना है इस अवसर पर शिवदयाल गुप्ता डॉ हरिओम शर्मा प्रदीप कुमार शर्मा भूपेंद्र सिंह भरत शर्मा पवन अठावाल प्रेम सिंह फौजदार बने सिंह फौजदार डीके शर्मा अंकुश कुमार महेंद्र सोनी राजकुमार सिंह सहित उपस्थित सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री को बधाई दी।

### सोमवार को कलश यात्रा के होगा

**गंगापुर सिटी** । श्री सांवलिया भक्त मण्डल के तत्वाधान में बजाजा मैरिज गार्डन में सोमवार से विशाल संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक सुनील सैन ने बताया कि सोमवार को पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। कथा का रसपान श्री वृन्दावनधाम से पधारी साधवी नन्देश्वरी देवी जी अपने मुखारविन्द करायेंगी। सैन ने बताया कि सोमवार को कलश यात्रा, कथा का महात्मएवं धुंधकारी मोक्ष की कथा श्रवण कराई जायेगी। मंगलवार को नारद जी का पूर्व चरित्रएवं शुकदेव जी आगमन की कथा का वणर्न किया जायेगा। बुधवार को भरत चरित्र, सृष्टि वर्णन धु व चरित्र, प्रहलाद चरित्र की कथा, गुरूवार को अजामिल उपाख्यान, बामन अवतार, राम कृष्ण जन्म की कथा, शुक्रवार को नंदोत्सव, भगवान की बाल लीलाऐ, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा की कथा आयोजित।

# नंदनी चला रही है एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र

**भरतपुर** (निस)। जब कोई युवती पढाई के साथ-साथ अपना व्यवसाय पूर्ण ईमानदारी के साथ करे और अतिरिक्त आय से परिवार की आय में भागीदारी बन जाये तो उसकी परिवार मे प्रतिष्ठता बढ़ जाती है। इसके अलावा वह अपने काम के साथ-साथ मानवीयता का कार्य भी करे तो निश्चय ही उस युवती की ख्याति एवं सम्मान समाज में बढ़ जाता है। ऐसा ही कार्य कर रही है कुम्हेर गेट क्षेत्र की लडकी नंदनी । जो एस बी आई बैंक का ठााहक सेवा केन्द्र संचालित कर आसानी से प्रतिमाह 25 हजार रूपये कमा रही है। नंदनी अपने व्यवसाय के साथ पढाई का कार्य निरन्तर जारी रखे हुए हैं उसने एम कॉम के बाद शोध कार्य के लिए पंजीयन करा लिया है।

नंदनी ने करीब 4 वर्ष पहले समृद्ध ठााम्य अभियान संस्था के निदेशक सीता राम गुप्ता की पहल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का ठााहक सेवा केन्द्र शुरू करने का कार्य प्रारम्भ किया। नंदनी में ठााहक सेवा केन्द्र का कार्य पूर्ण निष्ठा लग्न व आत्मविश्वास के साथ शुरू किया तो प्रारम्भिक दिनों में उसे कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ लेकिन उसने अपनी मेहनत जारी रखी साथ ही ठााहकों की मानवीयता की सेवा कर उनका विश्वास जीत लिया। ठााहक सेवा केन्द्र शुरू करने के लिए उसने कम्प्यूटर, प्रिन्टर सहित अन्य उपकरण क्रय किये। जिसमें भी समृद्ध ठााम्य अभियान संस्था ने सहयोग दिया। वह प्रातः से ही अपना कार्य शुरू करती और दोपहर को जब समय मिलता तो अपना अध्ययन जारी रखती। नंदनी के इस कार्य मे उसके पिता मनोज कुमार भी सहयोग करते !

ठााहक सेवा केन्द्र के माध्यम से नंदनी बैंक के खाताधारकों को 20 हजार रूपये तक जमा व 30 हजार रूपये तक निकासी के अलावा छात्रवृति पेंशन व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत् लाभार्थियों को सेवाऐं प्रदान करने का काम करती। नंदनी का ठााहक सेवा केन्द्र स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की कुम्हेर गेट शाखा से जुड़ा था। जो इस शाखा के ठााहकों को लेनदेन के कार्य के अतिरिक्त नये खाते खोलने, अटल पेंशन,जीवन ज्योति व प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे पंजीयन का कार्य करती। वह प्रतिमाह 90 लाख रूपये के लेनदेन के अलावा उसने अब तक 1300 नये खाते खोलने के साथ अटल पेंशन योजना में 851 व्यक्तियों का,जीवन ज्योति में 808 और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 1198 व्यक्तियों का पंजीयन किया है। मानवीयता का किया कार्य नंदनी ने प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् कसाई गली भरतपुर निवासी खेमचंद का बीमा किया था। किन्तु एक दुर्घटना में खेमचंद की मृत्यु हो गई। जिस पर नंदनी ने अथक प्रयास कर मृतक की पत्नी को एक माह में बीमित 2 लाख रूपये का भुगतान दिला दिया। इसी प्रकार कसाई गली निवासी प्रेमवती जो बैंक की खाताधारक थी उसे पैरालाइसिस हो गया। उसके परिवार वालों ने सूचना दी कि प्रेमवती चलफिर नही सकती और उसे रूपयों की आवश्यकता है तो नंदनी ठााहक सेवा केन्द्र की मशीन लेकर उसके घर पहुँची और आवश्यकता की राशि बैंक खाते से निकाल कर उसे प्रदान की । कमला रोड की रहने वाली गूंगी बहरी दो बहनो जयना एवं नगमा के बैंक में खाता खोलने से परेशानी हो रही थी किन्तु नंदनी ने इन दोनों बहनों के आवश्यक कागजात मंगवाकर नये खाते खोलें और इन्हें राज्य सरकार से मिलने वाली पेंशन के भुगतान में भी सहयोगी का कार्य कर रही है।

## सार-समाचार

### 15 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**करौली** (निंस.) राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रांतीय आ ान पर 15 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में उपखंड अधिकारी करौली के माध्यम से मुख्यमंत्री ,शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव एवं शिक्षा सचिव ,शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सोंपा। उप शाखा अध्यक्ष बने सिंह सैनी ने बताया कि मांग पत्र में मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण आरम्भ करने,स्थाई स्थानांतरण नीति निर्माण कर समस्त संवर्गों के स्थानांतरण करने,राजकीय विद्यालयों में प्रवेश की आयु 6 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष करने, 2007-8 में नियुक्त शिक्षकों एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति दूर करने ,प्रत्येक 2 वर्ष बाद स्टाफिंग पैटर्न करने, नियमित डीपीसी करने, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त रखने, संभाग स्तर पर शिक्षा समाधान शिविर आयोजित करने, समस्त रिक्त पदों पर भर्ती करने ,कुक कम हेल्पर का मानदेय कम से कम 10हजार रुपये करने, संगठन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने आदि की मांग शामिल हैं। जिलाअध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि शिक्षकों की मांगों के प्रति सरकार गंभीर नहीं है इस लिए पूरे प्रदेश में उपखंडों पर ज्ञापन देकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। द्वितीय चरण में 22 जून को बीकानेर शिक्षा निदेशक कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।ज्ञापन कार्यक्रम में उप शाखा करौली अध्यक्ष बने सिंह, मंत्री पन्नू सिंह माली जिलाध्यक्ष मुकेश सारस्वत,जिला मंत्री पीयूष कुमार शर्मा ,प्रेम शंकर,मुरारी लाल, पुरुषोत्तम शर्मा,रामस्वरूप, मासलपुर उप शाखा अध्यक्ष राहुल राय सहित अनेक शिक्षकों ने भाग लिया।

### माँ वैष्णो देवी की पद यात्रा 7 से

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। हर साल की तरह इस साल भी माँ वैष्णों देवी भक्त मण्डल हिण्डौन की ओर से 15वीं पदयात्रा हिण्डौन से 7 जुलाई को रवाना होगी। जानकारी देते हुए वेदप्रकाश, बली गोयल कंजौली वाले ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माँ वैष्णों देवी भक्त मण्डल हिण्डौन की ओर से 15वीं पदयात्रा हिण्डौन से साल जुलाई सोमवार को प्रातः 7 बजे माँ वैष्णों देवी मन्दिर, तुलसी आश्रम, बरगमाँ रोड, हिण्डौन सिटी से रवाना होगी। माँ वैष्णों देवी की पद में भाग लेने के इच्छुक भक्त महेश बंसल, मोहन मण्डरावरा, गिरधारी गुर्जर गेदूपुरा वाले बयाना में रजिस्ट्रेशन शुल्क ग्यारह सौ रूपऐ मात्र जमा करवा सकता है। मुख्य संरक्षक एवं अध्यक्ष माँ वैष्णों देवी कटरा जम्मू ने अधिक से अधिक भक्तजनों से पद यात्रा में आने की अपील की है।

### उत्कर्ष ग्राम अभियान आज

**करौली** । जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ठााम अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज रविवार 15 जून को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में प्रातः 10 बजे से शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत जिले में चयनित 200 ठाामों की ठााम पंचायतों में 16 जून से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारियां करने हेतु दिशा निर्देश जारी किये है जिससे की अभियान के दौरान आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इस संबंध में उप वन संरक्षक,पीएचईडी,विद्युत विभाग, सीएमएचओ, रसद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,आयुर्वेद विभाग,कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्सय विभाग, बैंकिंग, उद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों को कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

### आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**करौला** (निंस.) हिण्डौन उपखंड के 220 केवी जीएसएस पर मैन वेस के मरम्मत कार्य के चलते जिला मुख्यालय सहित जिले के अधिकां'ा क्षेत्रो मे आज रविवार को 5 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 220 केवी जीएसएस के अधि'ााषी अभियंता के आर मीणा ने बताया कि आज रविवार को प्रातः 6.00 बजे से दोपहर 11.00 बजे तक 220 के.वी. जीएसएस हिण्डौन पर आवश्यक मैन वेस के मरम्मत कार्य हेतु 220 केवी जीएसएस हिण्डौन से निकलने वाले सभी 33केवी शहरी एवं ठाामीण फीडरो हिण्डौन सिटी,जाट की सरायरीको इंडस्ट्रीज, सूरौठ,रीको रुरल,महूँ, खेडा,गुढापोल आदि की विद्युत सप्लाई मरम्मत कार्य के दौरान पूर्णतया बन्द रहेगी एवं 132 केवी ठिाड सब स्टेशन करौली,सपोटरा,कैलादेवी, मण्डरायल,श्रीमहावीरजी,गुढाचन्द्रजी,नांगल शेरपुर,कटकड,बडौली से निकलने वाले समस्त 33 केवी ठाामीण फीडरों की विद्युत सप्लाई मरम्मत कार्य के दौरान आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### शिक्षक संघ जिला कार्यकारणी के चुनाव 16 को

**करौली** (निंस.) राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली जिला कार्यकारणी के चुनाव 16 जून को करौली में पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी किए नियुक्त किये गये है। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश एवं महामंत्री नेमाराम मेघवाल ने करौली जिला कार्यकारणी चुनाव 16जून जून को निर्धारित करते हुए प्रदेश संगठन से साधुराम वर्मा एवं हारून रसीद पठान को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना एवं विष्णु मण्डल महामंत्री ने विज्ञिप्त जारी करते हुए चुनाव अधिकारी रामकुमार वर्मा सेवानिवृत प्राचार्य तथा घनश्याम मीना प्राचार्य को नियुक्त किया है चुनाव प्रकिया 16 जून को प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक राजरानी मैरिज गार्डन तीन बड करौली में संपन्न होगी,संगठन के सम्पूर्ण जिले के सभी ब्लॉकों के कार्यकारणी पदाधिकारी तथा सदस्य भाग लेगे।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

**भरतपुर** (निस)। लोहागढ़ बृज्ग्रगामीण विकास समिति वासन गेट कमला रोड पर समिति पदाधिकारियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिक ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हुए दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीडित परिवारों को इस गहरे सदमे को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में श्रीभगवान कटारा, सुरेश पदयात्री, हरी मोहन शर्मा, चन्द्रकान्त शर्मा, भारती शर्मा, वीरेंद्र नागर, सतीश सक्सेना , प्रेम सिंह बेचेन, देवेश कुमार शर्मा, बदन सिंह प्रजापति, ,ए,के, भटनागर, , परवीन बानों, रमेश चंद्र अठावाल, , अशोक कुमार जाटव, किशन जायसवाल, संजय शर्मा, , बहादुर घोसी, किशोरी प्रजापति, सहित अन्य उपस्थित गणमान्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डिग्गी कल्याण जी के छप्पन भोग लगेगा

**गंगापुर सिटी** । श्रीजी मंडल नहर रोड के तत्वाधान 20 जून शुक्रवार को श्रीजी डिग्गी कल्याण जी महाराज के फूल बंगला झांकी सजाकर छप्पन भोग लगाए जाएंगे। आयोजन से जुडे गोविंद प्रसाद बरनाला एवं भगवान सहाय बैराडा ने बताया कि 2० जून को कुशालगढ वाले बाबा श्याम मंदिर से प्रातः 6 बजे बस द्वारा सैकडो भक्त डिग्गी मालपुरा श्रीजी कल्याण जी महाराज धाम के लिए प्रस्थान करेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खेडिया, पं. स. समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:-Spl-13 दिनांक: 13.06.2025

**नोट ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम पंचायत खेडिया में समस्त योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प, बोरवेजल निर्माण एवं विद्युत सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु के लिए पीएचईडी में समक्ष श्रेणी में पंजीकृत इच्छुक निविदादाताओं से 31 मार्च 2026 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

बोली प्रपत्र एवं शर्तों से सम्बन्धित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in कार्यालय पर देखी जा सकती हैं। UBN- ZKR2526GLRC00265

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खेडिया — सरपंच, ग्राम पंचायत खेडिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरानी, पं. स. समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:-Spl-13 दिनांक: 13.06.2025

**नोट ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम पंचायत पिपरानी में समस्त योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प, बोरवेल निर्माण एवं विद्युत सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु के लिए पीएचईडी में समक्ष श्रेणी में पंजीकृत इच्छुक निविदादाताओं से 31 मार्च 2026 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

बोली प्रपत्र एवं शर्तों से सम्बन्धित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in कार्यालय पर देखी जा सकती हैं। UBN- ZKR2526GLRC00266

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पिपरानी — सरपंच, ग्राम पंचायत पिपरानी